SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान

प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

"आत्मरक्षा और डिजिटल ज्ञान, सशक्त और सुरक्षित बने हर इंसान।"

गांवों, मोहल्लों व विद्यालयों में आयोजित की गईं जागरूकता कार्यशालाएं एवं चौपालें

दिनांक 17.10.2026

शासन की मंशानुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान' के क्रम में आज दिनांक 17.10.2026 को जनपद सीतापुर के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों, मोहल्लों और विद्यालयों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम व महिला चौपालों का आयोजन किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति सतर्क करना रहा है।

आयोजित कार्यशालाओं एवं चौपाल के मुख्य बिंदु:-

1. साइबर अपराध की जानकारी:-टीमों द्वारा उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से समझाया गया कि मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध (जैसे- फर्जी आईडी बनाना, फोटो एडिट कर वायरल करना या अश्लील मैसेज भेजना) साइबर अपराध की श्रेणी में आते हैं।

2. सबसे कॉमन खतरे एवं सावधानियां:-अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट के जरिए ब्लैकमेलिंग, फोटो से छेड़छाड़ (Morphing), अनजान लिंक या ओटीपी (OTP) साझा करने के खतरों तथा साइबर बुलिंग (कमेंट में गाली, धमकी और बदनाम करना) के बारे में आगाह करते हुए इनसे बचने के उपाय बताए गए।

3. छात्राओं हेतु आवश्यक सुरक्षा टिप्स (Safety Tips):-छात्राओं को अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल व डीपी (DP) को पब्लिक न रखकर प्राइवेट रखने, जन्मतिथि या नाम आधारित कमजोर पासवर्ड के बजाय

मजबूत पासवर्ड बनाने, अपना लोकेशन, स्कूल का नाम व टाइम-टेबल सार्वजनिक रूप से पोस्ट न करने तथा अनजान वीडियो कॉल्स व अपना अनलॉक फोन दूसरों को न देने की सलाह दी गई।

4. साइबर अपराध या दुर्व्यवहार होने पर क्या करें? :-बालिकाओं को प्रेरित किया गया कि किसी भी अप्रिय स्थिति में डरें या चुप न रहें; तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या मिशन शक्ति टीम को बताएं। चैट या स्क्रीनशॉट डिलीट न करें क्योंकि यह ठोस सबूत होते हैं और तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

5. आत्मरक्षा एवं अन्य विषय:-साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ बालिकाओं को आत्मरक्षा (Self-Defense) के गुर और विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के व्यावहारिक उपाय भी सिखाए गए।

6. महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों का प्रसार:-कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को आपातकालीन सेवाओं और सहायता हेतु निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों 1090 - वुमेन पावर लाइन (उत्तर प्रदेश),112 - पुलिस इमरजेंसी सेवा,1930 - साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन आदि की पूरी जानकारी दी गई।

"सीतापुर पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, साइबर जागरूकता और उनके सशक्तिकरण के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।"

थाना हरगांव,जनपद -सीतापुर

1090
181
1076
112
108
102
1098
थाना महोली, जनपद - सीतापुर

मिशन
शक्ति
112
1090
181
1098
102
108
1930

माँ ललिता देवी शक्तिपीठ, मिशन शक्ति केन्द्र
सुरक्षित नारी | सशक्त समाज | समृद्ध उत्तर प्रदेश
मिशन शक्ति
"महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन"
महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में
हम सबका संकल्प – मिशन शक्ति
महिला हेल्पलाइन
1090
जनपद – सीतापुर
DREAM